Title: Need to open computerized booking office at Fatehgarh and Kayamganj Stations in Farrukhabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -Laid.

श्री चन्द्र भूाण सिंह (फरूखाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र फरूखाबाद में दो स्थान - फतेहगढ़ एवं कायमगंज, हर दृटिकोण से महत्वपूर्ण हैं। ये दोनों स्थान काफी पहले से ही मुख्य रेल मार्ग से जुड़े हुए हैं, परन्तु इन दोनों रेलवे स्टेशनों पर " आरक्षण " की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं हो सकी है। वर्तमान में केवल फरूखाबाद में ही यह सुविधा उपलब्ध है।

फरूखाबाद का जिला मुख्यालय फतेहगढ़ है। जिलाधिकारी कार्यालय सहित उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न कार्यालय फतेहगढ़ में ही स्थित है।

देश के बड़े सैन्य प्रशिक्षण केन्द्रों में एक फतेहगढ़ में स्थित है।

फरूखाबाद एवं फतेहगढ़ एक तरीके से जुड़वा शहर हैं। दोनों के बीच की दूरी 10 कि0मी0 है।

इसी प्रकार कायमगंज देश का एक महत्वपर्ण तम्बाकू-व्यापार का केन्द्र है। यहां पर रेलवे आरक्षण की सुविधा न होने से व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों को 30 कि0मी0 की यात्रा करके आरक्षण हेतु फरूखाबाद आना पड़ता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि फरूखाबाद संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले उक्त दोनों स्थानों पर " कम्प्यूटरीकृत आरक्षण " की सुविधा प्रदान करने का कट करें।